राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी 3/1, अम्बेड़कर भवन, सिविल लाईन रेल्वे क्रॉसिंग के पास, जयपुर

क्रमांकःएफ 9(4)(33) छात्रवृति/शै.स.2024–25/सान्याअवि/ 140 दिनांक : 1-4-2025

## आदेश

विभागीय समसंख्यक आदेश क्रमांक 18289 दिनांक 07.01.2025, 17422 दिनांक 13.11.2024 एवं 19105 दिनांक 27.01.2025 में आंशिक संशोधन कर शैक्षणिक सत्र 2024–25 में राजस्थान राज्य के मूल निवासियो के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में यथा अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति/अति पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक पिछडा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्वघुमन्तु समुदाय/मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में राज्य की राजकीय/निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर संचालित राष्ट्रीय/राजकीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित/अध्ययनरत (कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त) शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों से बेव पोर्टल **www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/ scholarship** अथवा एसएसओ पोर्टल पर **स्कॉलरशिप एसजेई एप** अथवा मोबाईल ऐप **एसजेईडी एप्लीकेशन** के माध्यम से ऑनलाईन पेपरलैस छात्रवृति आवेदन पत्र भरने के लिए निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती है :–

| क्र. | विषय वस्तु | निर्धारित तिथियां |
|---|---|---|
| 1. | शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठयक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि अद्यतन करने हेतु अन्तिम तिथि | 21 अप्रैल 2025 |
| 2. | उत्तर मैट्रिक छात्रवृति हेतु विद्यार्थियों के द्वारा पेपरलैस ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण कर ऑनलाईन आवदेन पत्र भरने हेतु अंतिम तिथि/पोर्टल बन्द करने की तिथि | 30 अप्रैल 2025 |

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकःएफ 9(4)(33) छात्रवृति/शै.स.2024–25/सान्याअवि/ 141-500 दिनांक : 1-4-2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है:–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग जयपुर।
4. निजी सचिव, सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा , जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राज. जयपुर।
6. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/संस्कृत, बीकानेर/जयपुर।
7. निदेशक, तकनीकी शिक्षा/निदेशक (प्रशिक्षण), प्राविधिक शिक्षा [illegible]
8. जिला कलेक्टर्स/कोषाधिकारी, (समस्त)।

Signature valid
Digitally signed by Badhanesh Kumar Agrawal
Designation : Director
Date: 2025.04.01 18:51:11 IST
Reason: Approved